# ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ (ਹੱਲ ਸਹਿਤ)

## ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ (HI, VI ਅਤੇ MR) ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ

### ਸ਼੍ਰੇਣੀ : ਸਤਵੀਂ

### ਵਿਸ਼ਾ : ਹਿੰਦੀ (ਦੂਜੀ ਭਾਸ਼ਾ)

ਪਿਆਰੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਓ !

ਮਾਣਯੋਗ ਸੱਕਤਰ ਸਕੂਲ ਸਿੱਖਿਆ, ਪੰਜਾਬ ਜੀ ਦੇ ਮਾਰਗ ਦਰਸ਼ਨ ਅਤੇ ਦਿਸ਼ਾ ਨਿਰਦੇਸ਼ਾਂ ਹੇਠ ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ (HI, VI ਅਤੇ MR) ਲਈ ਸਤਵੀਂ ਸ਼੍ਰੇਣੀ ਦਾ ਹਿੰਦੀ ਵਿਸ਼ੇ ਦਾ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਪੰਜਾਬ ਸਕੂਲ ਸਿੱਖਿਆ ਬੋਰਡ ਦੇ ਸਤਵੀਂ ਦੇ ਪਾਠਕ੍ਰਮ ਦੇ ਅਧਾਰ 'ਤੇ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਕੋਈ ਵੱਖਰਾ ਪਾਠਕ੍ਰਮ ਨਹੀਂ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ। ਸਿਰਫ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਪੱਤਰ ਦੀ ਰੂਪਰੇਖਾ ਹੀ ਭਿੰਨ ਰੱਖੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਪੱਤਰ ਵਿੱਚ 60% ਪ੍ਰਸ਼ਨ Objective type ( Multiple choice, Fill in the blanks, Match the following ਅਤੇ True & false) ਹਨ ਜਦੋਂ ਕਿ 20% ਛੋਟੇ ਉੱਤਰਾਂ ਵਾਲੇ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਅਤੇ 20% ਵੱਡੇ ਉੱਤਰਾਂ ਵਾਲੇ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਹਨ।

ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਨੂੰ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਉਦੇਸ਼ ਵਿਲੱਖਣ ਸਮਰੱਥਾ ਵਾਲੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਉਚਿਤ ਅਤੇ ਲੋੜੀਂਦਾ ਗਿਆਨ ਸਰਲਤਾ ਨਾਲ਼ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕਰਨ ਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਦੀ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ਤਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ 100% ਹੱਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਪ੍ਰੀਖਿਆ ਵਿੱਚ ਕੇਵਲ ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚੋਂ ਹੀ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਪੁੱਛੇ ਜਾਣਗੇ।

ਇਸ ਪ੍ਰਸ਼ਨ ਬੈਂਕ ਨੂੰ ਵਿਸ਼ਾ ਮਾਹਿਰਾਂ ਵਲੋਂ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਸੁਧਾਰ ਦੇ ਤੌਰ 'ਤੇ ਆਏ ਸੁਝਾਵਾਂ ਦਾ ਸਵਾਗਤ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ।

ਨਵੀਨ ਕੁਮਾਰ
**ਤਿਆਰ ਕਰਤਾ**
ਹਿੰਦੀ ਮਾਸਟਰ,
ਸ.ਮਿ.ਸਕੂਲ.ਫੇਜ਼-10,
ਮੁਹਾਲੀ (ਐੱਸ.ਏ.ਐੱਸ. ਨਗਰ)

ਡਾ.ਸੁਨੀਲ ਬਹਿਲ
**ਸੰਪਾਦਕ**
ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ, ਸ.ਸ.ਸ.ਸ.ਬਹਿਲੂਰ ਕਲਾਂ
(ਸ਼ਹੀਦ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਨਗਰ)

# पाठ्यक्रम

## केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI,VI तथा MR) विद्यार्थियों के लिए

सत्र : 2018-19

कक्षा : सातवीं

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

समय : 3 घंटे +1 घंटा अतिरिक्त समय

पूर्णांक - 90

सी.सी.ई-भाग -10

### भाग-I : 02 अंकों वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न (54)

| | |
|---|---|
| **(1) बहुवैकल्पिक प्रश्न :** | ***12*** |
| (i) समानार्थक (पर्यायवाची) शब्द | 2 |
| (ii) शब्द शुद्धि | 4 |
| (iii) क्रिया की पहचान | 2 |
| (iv) पाठ्य-पुस्तक के प्रश्न | 4 |
| **(2) मिलान कीजिए से सम्बन्धित प्रश्न :** | ***14*** |
| (i) लिंग परिवर्तन | 2 |
| (ii) वचन परिवर्तन | 2 |
| (iii) विपरीत शब्द | 2 |
| (iv) पुरुष/काल/ वाच्य | 6 |
| (v) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 2 |
| **(3) रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्न :** | ***14*** |
| (i) पाठ्य-पुस्तक के कठिन शब्द | 2 |
| (ii) पाठ्य-पुस्तक के मुहावरे | 2 |
| (iii) क्रिया-विशेषण/ योजक / सम्बम्धबोधक/ विस्मयादिबोधक | 6 |
| (iv) पाठ्य-पुस्तक के अति लघूत्तर प्रश्न | 4 |

| | |
|---|---|
| **(4) 'सही / गलत लिखिए' -से सम्बन्धित प्रश्न :** | **14** |
| (i) 'र' के विभिन्न रूप | 2 |
| (ii) पंजाबी शब्दों के हिंदी रूप | 6 |
| (iii) भाववाचक संज्ञा निर्माण | 2 |
| (iv) विशेषण निर्माण | 2 |
| (v) पाठ्य-पुस्तक के अति लघूत्तर प्रश्न | 2 |
| **भाग-II : 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न** | **(18)** |
| (i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित पाठ | 12 |
| (ii) पाठ्य-पुस्तक की कविता का सरलार्थ | 3 |
| (iii) विराम चिह्न | 3 |
| **भाग- III : 04 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न** | **(8)** |
| (i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित पाठ | 4 |
| (iii) कहानी लेखन | 4 |
| **भाग- IV : 05 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न** | **(10)** |
| (i) निबन्ध लेखन | 5 |
| (ii) पत्र लेखन | 5 |

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य-पुस्तक :**

- **आओ हिंदी सीखें -7**

## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

**केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI,VI तथा MR) विद्यार्थियों के लिए**

**सत्र : 2018-19**

**कक्षा : सातवीं (द्वितीय भाषा)**

**विषय : हिंदी**

**समय : 3 घंटे +1 घंटा अतिरिक्त समय** **पूर्णांक- 90**

**सी.सी.ई-भाग-10**

### (1) बहुवैकल्पिक प्रश्न : *12*

(i) समानार्थक (पर्यायवाची) शब्द में से एक प्रश्न पूछा जायेगा । 2

(ii) शब्द शुद्ध में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । $2 \times 2=4$

(iii) क्रिया की पहचान में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(iv) पाठ्य-पुस्तक में से अति लघूत्तर प्रश्नों में से दो प्रश्न पूछे जायेंगे । $2 \times 2=4$

### (2) मिलान कीजिए से सम्बन्धित प्रश्न : *14*

(i) लिंग परिवर्तन में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(ii) वचन परिवर्तन में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(iii) विपरीत शब्द में से एक प्रश्न पूछा जायेगा । 2

(iv) पुरुष/काल/ वाच्य में से तीन प्रश्न पूछे जायेंगे । $3 \times 2=6$

(v) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द में से एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

### (3) रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्न : *14*

(i) पाठ्य-पुस्तक के कठिन शब्दों के अर्थ से सम्बन्धित एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(ii) पाठ्य-पुस्तक के मुहावरों से सम्बन्धित एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(iii) क्रिया-विशेषण/ योजक / सम्बम्धबोधक/ विस्मयादिबोधक से सम्बन्धित तीन प्रश्न पूछे जायेंगे। $3 \times 2=6$

(iv) पाठ्य-पुस्तक के अति लघूत्तर प्रश्नों से सम्बन्धित दो प्रश्न पूछे जायेंगे। $2 \times 2=4$

**(4) 'सही / गलत लिखिए' -से सम्बन्धित प्रश्न :** 14

(i) 'र' के विभिन्न रूप से सम्बन्धित एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(ii) पंजाबी शब्दों के हिंदी रूप से सम्बन्धित तीन प्रश्न पूछे जायेंगे । $3 \times 2 = 6$

(iii) भाववाचक संज्ञा निर्माण से सम्बन्धित एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(iv) विशेषण निर्माण से सम्बन्धित एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

(v) पाठ्य-पुस्तक के अति लघूत्तर प्रश्न से सम्बन्धित एक प्रश्न पूछा जायेगा। 2

## भाग-II : 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न (18)

(i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग से सात लघूत्तर प्रश्नों में से चार प्रश्नों को हल करने को कहा जायेगा । $4 \times 3 = 12$

(ii) पाठ्य-पुस्तक के पद्य भाग में से सरलार्थ से सम्बन्धित दो प्रश्नों में से एक प्रश्न को हल करने को कहा जायेगा। 3

(iii) विराम चिह्न से सम्बन्धित दो प्रश्नों में से एक प्रश्न को हल करने को कहा जायेगा। 3

## भाग- III : 04 अंकों वाले निबन्धात्मक प्रश्न (8)

(i) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से दो निबन्धात्मक प्रश्नों में से एक प्रश्न को लगभग 25-30 शब्दों में हल करने को कहा जायेगा । 4

(ii) तीन कहानियों में से कोई एक कहानी को संक्षेप में लिखने को कहा जायेगा। 4

## भाग- IV : 05 अंकों वाले निबन्धात्मक प्रश्न (10)

(i) किन्हीं दो निबन्धों के संकेत बिन्दु (Outlines) देकर उनमें से किसी एक निबन्ध को संक्षेप में लिखने के लिए कहा जाएगा । 5

(ii) दो पत्रों में से कोई एक पत्र लिखने के लिए कहा जायेगा। 5

## प्रश्न बैंक : केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI,VI तथा MR) विद्यार्थियों के लिए

## विषय :हिंदी

## कक्षा : सातवीं (द्वितीय भाषा)

## भाग-I : 02 अंकों वाले वस्तुनिष्ठ प्रश्न

### (1) बहु वैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न :

### समानार्थक (पर्यायवाची) शब्द से सम्बन्धित प्रश्न

### (i) निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

1.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'रात' शब्द का पर्याय है ?

क) रजनी ख) शाम ग) अँधेरा घ) संध्या उत्तर : (क) रजनी

2.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'जंगल' शब्द का पर्याय है ?

क) भयानक ख) वन ग) अँधेरा घ) गुफा उत्तर : (ख) वन

3.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'समुद्र' शब्द का पर्याय है ?

क) सरिता ख) नदी ग) सागर घ) धारा उत्तर : (ग) सागर

4.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'पेड़' शब्द का पर्याय है ?

क) आम ख) शीशम ग) वृक्ष घ) जामुन उत्तर : (ग) वृक्ष

5.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'पंछी' शब्द का पर्याय है ?

क) पक्षी ख) चिड़िया ग) मैना घ) तोता उत्तर : (घ) पक्षी

6.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'घर' शब्द का पर्याय है ?

क) कमरा ख) गृह ग) भूमि घ) इमारत उत्तर : (ख) गृह

7.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'कपड़ा' शब्द का पर्याय है ?

क) वस्त्र ख) कमीज़ ग) चादर घ) धागा उत्तर : (क) वस्त्र

8.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'दिन' शब्द का पर्याय है ?

क) दोपहर ख) दिवस ग) शाम घ) रात्रि उत्तर : (ख) दिवस

9.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'माँ' शब्द का पर्याय है ?

क) नारी ख) महिला ग) माता घ) औरत उत्तर : (ग) माता

10.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'हाथ' शब्द का पर्याय है ?

क) हस्त ख) उंगली ग) अंगूठा घ) बाजू उत्तर : (क) हस्त

### (ii) शुद्ध-अशुद्ध से सम्बन्धित प्रश्न :

1 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) दिल्ली ख) दिलली ग) दील्लि घ) देहली उत्तर (क) : दिल्ली

2 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) सुनदर ख) सुंदर ग) सून्दर घ) शुन्दर उत्तर (ख) : सुंदर

3 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) पटटीयाँ ख) पटटिया ग) पट्टियाँ घ) पटीयाँ — उत्तर (ग) : पट्टियाँ

4 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) बुदधी ख) बुद्धी ग) बुद्दी घ) बुद्धि — उत्तर (घ) : बुद्धि

5 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) विषेश ख) विसेश ग) विशेष घ) विषेस — उत्तर (ग) : विशेष

6 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) अगियाकारी ख) आज्ञाकारी ग) आज्ञाकारि घ) आग्कारी — उत्तर (ख) : आज्ञाकारी

7 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) मुख्याध्यापक ख) मुख्याधयापक ग) मुख्यध्यापक घ) मुखध्यापक — उत्तर (क) : मुख्याध्यापक

8 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) कक्षा ख) ककक्षा ग) कक्शा घ) कक्षा — उत्तर (घ) : कक्षा

9 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) पूसतक ख) पुस्तक ग) पुश्तक घ) पूस्तक — उत्तर (ख) : पुस्तक

10 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) हिंदू ख) हिनदू ग) हिन्दु घ) हीन्दू — उत्तर (क) : हिंदू

## (iii) क्रिया की पहचान से सम्बन्धित प्रश्न

1) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) पक्षी ख) उड़ना ग) विशेष घ) त्योहार — उत्तर (ख) : उड़ना

2) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) बालक ख) नदी ग) राम घ) देना — उत्तर (घ) : देना

3) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) दौड़ना ख) बच्चा ग) दाल घ) माता — उत्तर (क) : दौड़ना

4) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) देश ख) पढ़ना ग) धरती घ) इमारत — उत्तर : (ख) पढ़ना

5) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें--

क) सोना ख) वीर ग) हम घ) बेटा — उत्तर : ( क) सोना

6) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) तलवार ख) पीछे ग) कल घ) देखना — उत्तर : ( घ) देखना

7) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) धीरा ख) दो ग) बाँधना घ) जूते — उत्तर : ( ग) बाँधना

## (iv) पाठ्य पुस्तक से सम्बन्धित प्रश्न

1) 'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में सुमति कौन है?

क) राजा ख) मन्त्री ग) डाकू घ) सैनिक उत्तर : (ख) मंत्री

2) 'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में राजा ने घोड़े को कहाँ बाँधा ?

क) पेड़ से ख) खूँटी से ग) पत्थर से घ) संबल से उत्तर : (ख) पेड़ से

3) 'रक्त दान एक बहुमूल्य संस्कार' पाठ में सर्वोत्तम दान किसे कहा गया है ?

क) कन्या दान ख) विद्या दान ग) रक्तदान घ) धन दान उत्तर : (ग) रक्तदान

4) 'हार की जीत' पाठ में बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था?

क) सुल्तान ख) खड़ग सिंह ग) सुंदर घ) दुर्गादत्त उत्तर : (क) सुल्तान

5) राष्ट्र के गौरव प्रतीक पाठ में आए राष्ट्रगीत के रचयिता का नाम चुनकर लिखें :

क) महात्मा गांधी ख) सम्राट अशोक ग) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय घ) रवींद्र नाथ टैगोर

उत्तर : (ग) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

6) कविता 'साक्षरता अभियान' में हम ज्ञानी कैसे बन सकते हैं?

क) थोड़ा-थोड़ा प्रतिदिन पढ़कर ख) पथ पर आगे बढ़कर

ग) धन जोड़कर घ) तिनके जोड़कर उत्तर : (क) थोड़ा-थोड़ा प्रतिदिन पढ़कर

7) 'गिल्लू' कहानी में गिल्लू कौन है?

क) कौआ ख) कुत्ता ग) गिलहरी का बच्चा घ) बिल्ली उत्तर : (ग) गिलहरी का बच्चा

8) 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पाठ के अनुसार ज़ेबरा लाइनें किसके लिए हैं?

क) पैदल चलने वालों के लिए ख) साइकिल सवारों को

ग) ट्रैफिक अधिकारियों को घ) सभी गाड़ियों को उत्तर : (क) पैदल चलने वालों के लिए

9) 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पाठ के अनुसार हरी बत्ती पर क्या करना चाहिए ?

क) रुकना चाहिए ख) चलना चाहिए

ग) चलने को तैयार होना चाहिए घ) तेज़ी से चलना चाहिए उत्तर : ख) चलना चाहिए

10) 'दोहावली' पाठ के अनुसार हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए-

क) कड़वी ख) खट्टी ग) मीठी घ) बुरी उत्तर : (ग) मीठी

## 2 निम्नलिखित का मिलान करो

### (i) लिंग परिवर्तन-

| | | |
|---|---|---|
| 1 दास | माता | 4 |
| 2 पति | दासी | 1 |
| 3 साधु | पत्नी | 2 |
| 4 पिता | साध्वी | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 महाराज | राजकुमारी | 6 |
| 6 राजकुमार | रानी | 8 |
| 7 स्त्री | महारानी | 5 |
| 8 राजा | पुरुष | 7 |
| | | |
| 9 घोड़ा | बकरी | 12 |
| 10 बेटा | दादी | 11 |
| 11 दादा | बेटी | 10 |
| 12 बकरा | घोड़ी | 9 |
| | | |
| 13 बालक | देवी | 15 |
| 14 पुत्र | बालिका | 13 |
| 15 देव | पुत्री | 14 |

## (ii) वचन परिवर्तन कर, मिलान करो।

| | | |
|---|---|---|
| 1 आशा | उमंगें | 2 |
| 2 उमंग | आशाएं | 1 |
| 3 बच्चा | कोने | 4 |
| 4 कोना | बच्चे | 3 |
| | | |
| 5 घड़ी | चिड़ियाँ | 7 |
| 6 चोरी | पैसे | 8 |
| 7 चिड़िया | घड़ियाँ | 5 |
| 8 पैसा | चोरियाँ | 6 |
| | | |
| 9 तिनका | बूँदें | 11 |
| 10 भाषा | मंज़िलें | 12 |
| 11 बूँद | तिनके | 9 |
| 12 मंज़िल | भाषाएं | 10 |

## विपरीत अर्थक शब्दां का मिलान करो।

| | | |
|---|---|---|
| 1 सावधान | वियोग | 2 |
| 2 संयोग | असावधान | 1 |
| 3 संतोष | शत्रु | 4 |
| 4 मित्र | असंतोष | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 मिलन | निंदा | 6 |
| 6 प्रशंसा | दुर्लभ | 8 |
| 7 स्वतंत्रता | विरह | 5 |
| 8 सुलभ | परतंत्रता | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 मुक्ति | आसान | 11 |
| 10 दु:ख | फायदा | 12 |
| 11 मुश्किल | बंधन | 9 |
| 12 नुकसान | सुख | 10 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 भलाई | उदय | 15 |
| 14 जीवित | अशुभ | 16 |
| 15 अस्त | बुराई | 13 |
| 16 शुभ | मृत | 14 |
| 17 दोष | बुरा | 20 |
| 18 झूठ | अन्याय | 19 |
| 19 न्याय | गुण | 17 |
| 20 भला | सच | 18 |

## (iv) पुरुष,काल व वाच्य की पहचान से सम्बन्धित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| 1 मैं पढ़ता हूँ । | अन्य पुरुष | 2 |
| 2 कोई जा रहा है। | मध्यम पुरुष | 3 |
| 3 तू जाता है। | उत्तम पुरुष | 1 |
| 4 खड्ग सिंह इस इलाके का प्रसिद्ध डाकू था। | भविष्यत काल | 6 |
| 5 अपाहिज घोड़े को दौड़ाता है। | भूतकाल | 4 |
| 6 बाबा जी, यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा। | वर्तमान काल | 5 |
| 7 घोड़ा हिनहिना रहा है। | भूतकाल | 8 |
| 8 बाबा ने घोड़े को रोका। | भविष्यत काल | 9 |
| 9 घोड़ा हिनहिनायेगा । | वर्तमान काल | 7 |
| 10 धीरा धुन गुनगुना रहा था। | कर्मवाच्य | 12 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 धीरा से रहा नहीं गया। | कर्तृवाच्य | 10 |
| 12 धीरा द्वारा धुन गुनगुनायी जा रही थी। | भाववाच्य | 11 |

## (v) अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का मिलान करो :

| | | |
|---|---|---|
| 1 जहाँ पर घोड़े रखे जाते हैं | चौराहा | 3 |
| 2 जहाँ बीमारों का इलाज हो | अस्तबल | 1 |
| 3 चार रास्तों का समूह | अस्पताल | 2 |
| 4 संकोच करने वाला | विद्यार्थी | 5 |
| 5 विद्या प्राप्त करने वाला | संकोची | 4 |
| 6 मन की स्थिति | रक्तदान | 7 |
| 7 खून दान करना | स्वस्थ | 8 |
| 8 जो बीमार न हो | मन:स्थिति | 6 |
| 9 स्कूल का सर्व प्रमुख अध्यापक | स्कूटर चालक | 10 |
| 10 स्कूटर चलाने वाला व्यक्ति | मुख्याध्यापक | 9 |

## (3) रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्न

### (i) पाठ्य-पुस्तक के कठिन शब्दों के अर्थ से सम्बन्धित प्रश्न

कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

1.'अभिभावक ' का अर्थ है- माता-पिता । ( भावना/माता-पिता)

2. 'स्वैच्छिक' का अर्थ है- अपनी इच्छा से।(अपनी इच्छा से/ इच्छा शक्ति)

3. 'मिथ्या' का अर्थ है- झूठ । (सही / झूठ)

4. 'प्रतिबंध' का अर्थ है- रोक । (बाँध/ रोक)

5.'स्मृति' का अर्थ है- याद । (याद/ मारना)

6. 'पुन:' का अर्थ है- दोबारा । (पुण्य/ दोबारा)

7. 'व्यर्थ' का अर्थ है- फिजूल । (फिजूल/ बाकी)

8. 'वीरांगना' का अर्थ है- बहादुर औरत । (बहादुर औरत/ वीर अंग)

9. 'दुर्ग' का अर्थ है- किला । (किला/ दुर्गा)

10. 'पताका' का अर्थ है- झंडा । (झंडा/ गिरना)

11. 'आश्वस्त' का अर्थ है- जिसे दिलासा दिया गया हो । (आशा/ जिसे दिलासा दिया गया हो)

12 'स्निग्ध' का अर्थ है- प्रेममय । (कठोर /प्रेममय)

13. 'प्रस्थान' का अर्थ है- जाना । (आना/ जाना) ।

14. 'निरपराध' का अर्थ है- बेकसूर । (बेकसूर/ निरा कसूर) ।

## (ii) मुहावरों के उपयुक्त शब्द को खाली स्थान में भरो :

1 राजा एक पत्थर दिल इन्सान था।( बुरा/ पत्थर)।

2 सैनिकों ने राजा को मौत के घाट उतारना चाहा (मौत/प्राणों )

3 राजा अपने प्राणों की खैर मनाता हुआ वहाँ से शीघ्र भाग निकला।(मनाता /करता)

4 मन्त्री की बात सुनकर राजा जल भुन गया।(आग /जल )

5 दुर्घटनाएँ प्रतिदिन अनेक लोगों के प्राण हर लेती हैं। (हर /ले )

6 दुष्ट व्यक्ति सबकी आँखों में खटकता रहता है। (नेत्रों/ आँखों)

7 जिस पर परमात्मा की कृपा हो,उसका बाल भी बाँका नहीं होता। (केश/ बाल)

8 जब पुलिस ने चोर की पिटाई की तो उसे छठी का दूध याद आ गया (छठीं/बचपन)

9 अपनी चोरी पकड़े जाने पर चोर का चेहरा पीला पड़ गया। (मुखड़ा/चेहरा)

10 उसके तो हर छोटी -छोटी बात पर आँसू टपकने लगते हैं। (टपकने/गिरने)

## (iii) क्रियाविशेषण /योजक/ सम्बन्धबोधक/ विस्मयादिबोधक से सम्बन्धित प्रश्न

निम्नलिखित में से उपयुक्त क्रियाविशेषण शब्द चुनकर लिखिए :

1.कलिंग के फाटक आज बंद हैं। (कल/आज)

2. अधिक मत बोलो। (अधिक/कल)

3.महाराज ! आप यहाँ बैठिए। (यहाँ/कम)

4.सैनिक ने अपनी तलवार झटपट संभाल ली। (उधर/झटपट)

5. संवाददाता महाराज से धीरे से बोला। (धीरे से / वहाँ)

6. मैं युद्ध कल करूँगा। (कल/ आजकल)

**निम्नलिखित में से उपयुक्त योजक शब्द चुनकर लिखिए :**

7. गिल्लू परदे पर चढ़ा और नीचे उतर गया। (और /ताकि)

8. गिल्लू अन्य खाने की चीज़ें लेना बंद कर देता था या झूले से नीचे फेंक देता था।(या/क्योंकि)

9.उनका मुझसे लगाव कम नहीं है परन्तु उनमें से किसी को मेरे साथ मेरी थाली में खाने की हिम्मत नहीं हुई।( चाहे/ परन्तु)

10.भूख लगने पर गिल्लू का चिक-चिक करना ऐसा लगा मानो मुझे अपने भूखे होने की सूचना देता हो। (ताकि/ मानो)

11.सोनजूही की लता के नीचे गिल्लू को समाधि दी गयी क्योंकि उसे वह लता प्रिय थी ।(लेकिन/ क्योंकि)

12.गिल्लू को कौवे की चोंच से घाव हो गया था इसलिए वह निश्चेष्ट-सा गमले से चिपका पड़ा था ।(इसलिए/ क्योंकि)

**निम्नलिखित में से उपयुक्त सम्बन्धबोधक शब्द चुनकर लिखिए :**

13. हमने चिन्मय तपोवन की ओर प्रस्थान किया । (की ओर/ की तरह )

14 पालम की घाटी सुंदरी की तरह प्रतीत होती है। (के लिए/ की तरह )
15 मैं जीवन भर इस यात्रा को याद रखूँगी । (भर/ तक )
16 मुझे कई दिनों तक घर की याद नहीं आयी। (तक/ भर )
17 ज्ञान बिना जीवन बेकार है। (बिना/ साथ )
18 सड़क पर काली सफेद लकीर लगायी जाती है। (पर/ के नीचे)

**निम्नलिखित में से उपयुक्त विस्मयादिबोधक शब्द चुनकर लिखिए :**

19. अरे ! मैं क्या झूठ बोल रहा हूँ । (वाह/अरे)
20.ना-ना ! मैं स्त्री-वध नहीं करूँगा। तुमने ठीक पहचाना।(अहा/ना-ना)
21. आह ! मेरी प्रजा पर अत्याचार हो रहा है ।(अहा/आह)
22. शाबाश ! मुझे आपसे यही आशा थी।(आह/शाबाश)

## (iv) पाठ्य पुस्तक के अति लघूत्तर प्रश्न

(भारत के कोने कोने से)

1 गीत गाने वाले बच्चे भारत के कोने-कोने से आए हैं।(प्रदेश से/कोने-कोने से)
2 हम गिरी की ऊँचाई लाए हैं। (गहराई/ऊँचाई)
3 हम पूरब से आए, लाए प्रातः किरण की अरुणाई । (गहराई / अरुणाई)

(परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है)

4 राजा ने अपने घोड़े को पेड़ से बाँधा।(पेड़ से/खूंटे से)
5 परमात्मा जो करता है अच्छा करता है।(बुरा/अच्छा)

(रक्तदान- एक बहुमूल्य संस्कार )

6 गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को रक्तदान नहीं करना चाहिए (गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति/स्वस्थ )

(हार की जीत)

7 बाबा भारती के घोड़े का नाम सुल्तान था।(सुंदर/सुल्तान)
8 खड्गसिंह उस इलाके का प्रसिद्ध डाकू था ।( खड्गसिंह/दुर्गादत्त)

(राष्ट्र के गौरव गीत)

9 जन गण मन हमारा राष्ट्रीय गान है।(गीत/गान)
10 वन्दे मातरम् हमारा राष्ट्रीय गीत है।(गीत/गान)
11 हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है।(राष्ट्रीय/प्रादेशिक)
12 कमल का फूल हमारा राष्ट्रीय पुष्प है।(फल/फूल)
13 मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।(बाज/मोर)

**(विजय दिवस )**

14 विजय दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है।(26 जुलाई/26 जून)
15 विजय दिवस के अवसर पर हार्दिक ने अपने घमंड पर विजत्र पा ली थी।( दादा जी/ हार्दिक)

(स्वराज्य की नींव)

16 ताँत्या का पूरा नाम ताँत्या टोपे था। ( रघुनाथ टोपे/ ताँत्या टोपे)

17 झाँसी की रानी का पूरा नाम रानी लक्ष्मीबाई था। (रानी झलकारी बाई/ रानी लक्ष्मीबाई )

साक्षरता अभियान

18. हम अपनी मंज़िल को **हिम्मत और विश्वास** से पा सकते हैं।(हिम्मत और विश्वास/धन जोड़ने)

गिल्लू

19 गिल्लू गिलहरी का बच्चा था। (कौए/ गिलहरी)

20. गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती। (गिलहरियों/कुत्तों)

## (4) सही/गलत कथन से सम्बन्धित प्रश्न :

### (i) 'र' के विभिन्न रूपों से सम्बन्धित प्रश्न

निम्नलिखित में सही कथन पर सही ( √ ) और गलत कथन पर गलत ( X ) का निशान लगााइए

1.'धर्म' में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( √ )

2.'राष्ट्र'' में 'ट' के साथ संयुक्त रूप में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( X )

3. 'ट्रैफिक'' में पूरे का प्रयोग हुआ है। ( √ )

4.'वर्षा' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। ( X )

5.'प्रकाश' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। ( √ )

6.'हार्दिक' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। ( X )

7.'दुर्ग' में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है। ( √ )

8. 'प्रतिज्ञाा' में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है। ( √ )

### (ii) पंजाबी से हिंदी मैं अनुवाद सम्बन्धी प्रश्न

1 पंजाबी के 'ਬੱਚੇ ' शब्द को हिंदी में 'बचचे' लिखते हैं। ( X )

2 पंजाबी के ' ਭਗਵਾਨ ' शब्द को हिंदी में 'भगवान' लिखते हैं। ( √ )

3 पंजाबी के ' ਅੱਗ ' शब्द को हिंदी में ' आग ' लिखते हैं। ( √ )

4 पंजाबी के 'ਸਿਰਹਾਣਾ' शब्द को हिंदी में ' तकिया ' लिखते हैं।(गलत/सही) ( √ )

5 पंजाबी के ' ਪਰਮਾਤਮਾ' शब्द को हिंदी में 'परमात्मा' लिखते हैं।(गलत/सही) ( √ )

6 पंजाबी के ' ਆਗਿਆ' शब्द को हिंदी में 'आगिया' लिखते हैं। ( X )

7 पंजाबी के 'ਮੰਤਰੀ ' शब्द को हिंदी में 'मनत्री' लिखते हैं। ( X )

8 पंजाबी के 'ਮਤਰੇਆ ' शब्द को हिंदी में ' सौतेला ' लिखते हैं। ( √ )

9 पंजाबी के ' ਪੱਥਰ' शब्द को हिंदी में 'पतथर' लिखते हैं। ( X )

10 पंजाबी के ' ਪ੍ਰਦੂਸ਼ਣ' शब्द को हिंदी में 'प्रदूषण' लिखते हैं। ( √ )

11 पंजाबी के ' ਧਾਰਮਿਕ' शब्द को हिंदी में 'धार्मिक' लिखते हैं। ( √ )

12 पंजाबी के ' ਇਤਿਹਾਸ' शब्द को हिंदी में 'एतिहास' लिखते हैं। (X)

13 पंजाबी के 'ਚੌਵੀ ' शब्द को हिंदी में ' चौबीस ' लिखते हैं। (√)

14 पंजाबी के 'ਅੱਖ ' शब्द को हिंदी में 'अख' लिखते हैं। (X)

15 पंजाबी के 'ਖੂਨਦਾਨ ' शब्द को हिंदी में ' रक्तदान ' लिखत हैं। (√)

16 पंजाबी के ' ਰਾਸ਼ਟਰਪਤੀ' शब्द को हिंदी में ' राशटरपति' लिखते हैं। (X)

**(iii) भाववाचक संज्ञा शब्द निर्माण**

1.'ऊँचा' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'ऊँचाई' (√)

2.'अरुण' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'अरुणा' (X)

3.'अज्ञान' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'अज्ञानता' (√)

4.'लड़का' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'लड़कापन' (X)

5.'मित्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'मित्रता' (√)

6.'महान' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'महा' (X)

7. 'अच्छा' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी -'अच्छाई' (√)

8. 'आधुनिक' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी -'आधुनिकता' (√)

9.'वीर' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'वीरांगना' (X)

10.'झुकना' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- 'झुकाव' (√)

**(iv) विशेषण शब्द निर्माण**

1. 'कठिनता' शब्द का विशेषण होगा - 'कठिनाई' (X)

2. 'चमक 'शब्द का विशेषण होगा - 'चमकदार' (√)

3. 'शिक्षा' शब्द का विशेषण होगा - 'शैक्षणिक' (X)

4. 'चंचलता 'शब्द का विशेषण होगा - 'चंचल' (√)

5. 'उष्णता' शब्द का विशेषण होगा - 'उष्ण' (√)

6.. 'बसंत' शब्द का विशेषण होगा - 'वसंत' (X)

7. 'विश्वास' शब्द का विशेषण होगा - 'विश्वसनीय' (√)

8. 'इतिहास' शब्द का विशेषण होगा - 'इतिहासिक' (X)

## (v) पाठ्य पुस्तक के अति लघूत्तर प्रश्न

1 'भारत के कोने-कोने से' कविता में गीत गाने वाले बच्चे भारत के कोने-कोने से आए हैं। (√)

2 'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में सुमति राजा का सैनिक था। (X)

3 'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में राजा ने अपने घोड़े को पेड़ से बाँधा । (√)

4 'रक्त दान एक बहुमूल्य संस्कार' पाठ में सर्वोत्तम दान रक्तदान है। (√)

5 'रक्त दान एक बहुमूल्य संस्कार' पाठ में रक्त समूह तीन प्रकार के होते हैं। ( X )

6 'हार की जीत' पाठ में घोड़े का नाम सुल्तान है। ( √ )

7 'हार की जीत' पाठ में डाकू का नाम बाबा भारती है। ( X )

8 'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ में हमारा राष्ट्रीय गान 'जन-गण-मन' है। ( √ )

9 'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ में हमारा राष्ट्रीय फूल 'कमल' है। ( √ )

10 'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ में हमारा राष्ट्रीय फल ' अमरूद' है। ( X )

11 'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ में हमारी राष्ट्रीय नदी 'गंगा' है। ( √ )

12 'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ में हमारा राष्ट्रीय खेल 'क्रिकेट' है। ( X )

13 'आ री बरखा' कविता के अनुसार वर्षा ऋतु के बाद ग्रीष्म ऋतु आती है। ( X )

14 'विजय दिवस' पाठ में विजय दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है। ( √ )

15 'अशोक का शस्त्र त्याग' पाठ में कलिंग के महाराज की बेटी का पद्मा है। ( √ )

16 गिल्लू' पाठ के अनुसार गिल्लू को बिल्लियाँ अपना आहार बनाना चाहती थीं । ( X )

17 गिल्लू' पाठ के अनुसार गिल्लू को काजू बहुत पसंद थे। ( √ )

18 'कोई नहीं बेगाना' पाठ के अनुसार भाई कन्हैया घायल शत्रुओं में भी गुरु गोबिंद सिंह जी के दर्शन कर शत्रुओं को जल पिलाते थे । ( √ )

19 'सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा' पाठ के अनुसार वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन सुनना चाहिए । ( X )

20 'दोहावली ' पाठ के अनुसार हमें आज का काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। ( √ )

## भाग-II : 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न

### (i) पाठ्य पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित प्रश्न–उत्तर

1 प्रश्न-'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में सुमति किस बात पर विश्वास करता था?

उत्तर : सुमति इस बात पर विश्वास करता था कि 'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है'।

2 प्रश्न- -'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में राजा ने अपने घोड़े को कहाँ पर बाँधा?

उत्तर : राजा ने अपने घोड़े को एक पेड़ से बाँधा।

3 प्रश्न-'रक्त दान एक बहुमूल्य संस्कार' पाठ के अनुसार रक्तदान से शरीर पर क्या बुरा प्रभाव पड़ता है?

उत्तर : - रक्तदान से शरीर पर किसी प्रकार का कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है ।

4 प्रश्न-'हार की जीत' पाठ में खड्ग सिंह कौन था?

उत्तर : -खड्ग सिंह उस इलाके का एक प्रसिद्ध डाकू था।

5 प्रश्न-'हार की जीत' पाठ में बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था?

उत्तर : बाबा भारती के घोड़े का नाम सुल्तान था।

6 प्रश्न– भारत देश के झंडे को क्या कहते हैं?

उत्तर : भारत देश के झंडे को 'तिरंगा' कहते हैं।

7 प्रश्न– 'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ के अनुसार हमारे देश का राष्ट्रीय गीत कौन–सा है?

उत्तर : हमारे देश का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' है।

8 प्रश्न–'राष्ट्र के गौरव प्रतीक' पाठ के अनुसार गंगा नदी की क्या विशेषता है?

उत्तर : गंगा नदी निर्मल और पवित्र नदी है। इसीलिए इसे राष्ट्रीय नदी कहते हैं।

9 प्रश्न– 'स्वराज्य की नींव' पाठ के अनुसार अंग्रेज़ों की नीति क्या थी?

उत्तर : अंग्रेज़ों की नीति थी, 'फूट डालो और राज्य करो'।

10 प्रश्न– 'धीरा की होशियारी' पाठ के अनुसार धीरा स्कूल के बाद कहाँ और क्या काम करता था?

उत्तर : धीरा स्कूल के बाद सिनेमा हॉल के पास जूता पॉलिश करने का काम करता था।

11 प्रश्न– गिल्लू कौन था?

उत्तर : गिल्लू एक गिलहरी का बच्चा था।

12 प्रश्न– धर्मशाला समुद्र तल से कितनी ऊँचाई पर स्थित है?

उत्तर : धर्मशाला समुद्र तल से 4500 फुट ऊँचाई पर स्थित है ।

## (ii) पाठ्य पुस्तक के पद्य भाग से सम्बन्धित सरलार्थ

1) भारत के कोने–कोने से हम सब बच्चे आए हैं।
नई उमंगों–आशाओं का हम सन्देशा लाए हैं।।

**सरलार्थ :** इसमें कवि कहता हैं कि हम बच्चे भारत के भिन्न–भिन्न भागों से इकट्ठे हुए हैं और मन में नई खुशियाँ और इच्छाओं का सन्देश लेकर पहुँचे हैं।

2) मेह उन पर बरसता एक सा, एक सी उन पर हवाएँ हैं बही।
पर सदा ही यह दिखाता है हमें, ढंग उनके एक से होते नहीं।।

**सरलार्थ :** इसमें कवि कहता है कि फूल और काँटा दोनों पर एक समान वर्षा पड़ती है व इन पर एक समान हवाएँ चलती हैं। पर हम यह देखते हैं कि उनका स्वभाव एक जैसा नहीं होता।

3) जहाँ कहीं बहती थी नदियाँ, सूखे पत्थर दिख रहे।
सिन्धु दुर्बल हो चला, वियोग तेरा कैसे सहे।
अपने प्रिय के जीवन हेतु, गीत मिलन के तू गा।
आ री बरखा! आ री बरखा! इस तपती धरा पर,
अपना शीतल जल बरसा।

**सरलार्थ :** इसमें कवि कहता है कि जहाँ कभी नदियाँ बहती थी, वहाँ आज पत्थर दिखाई दे रहे हैं व समुद्र भी इस के वियोग में कमज़ोर पड़ गया है। अपन प्यारे समुद्र के जीवन के लिए अब तुम मिलन के गीत गाते हुए, इस गर्म हो चुकी धरती को अपने ठंडे पानी से शीतलता दो।

4) जल की छोटी–छोटी बूँदे, टपक–टपक घट भर देती।
छेद यदि उसमें कर दें, बूँदें घट खाली कर देती।

**सरलार्थ :** इसमें कवि कहता है कि जिस प्रकार पानी की छोटी–छोटी बूँदें टपककर घड़े को भर देती हैं और वही बदें एक छोटे से छेद के कारण घड़े को खाली कर देती हैं। इसी प्रकार यदि हम कोशिश करें तो हम क्या नहीं कर सकते।

5) आनन्दपुर साहिब के बाहर जब हुआ युद्ध घमासान,
दशमेश गुरु का हर सिख लड़ा हथेली पर रख जान।

**सरलार्थ :** इसमें कवि कहता है कि जब आनन्दपुर साहिब के बाहर भयानक युद्ध हो रहा था तब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी का हर एक सिपाही अपनी जान की परवाह किए बिना देश के लिए लड़ रहा था।

6) बोली एक अमोल है, जो कोई बोलै जानी।
हियै तराजू तौलि कै, मब मुख बाहर आनी।

**सरलार्थ :** इसमें कवि कहता है कि मनुष्य के वचन बहुत ही कीमती हैं, इसलिए बालने से पहले तराजू की तरह तोलकर उन शब्दों को मुख से बाहर निकालना चाहिए। अर्थात अपके अच्छे व बुरे वचनों का आपके व्यक्तित्व के ऊपर प्रभाव पड़ता है।

## (iii) विराम् चिह्न से सम्बन्धित प्रश्न–उत्तर

निम्नलिखित में उपयुक्त विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए :

1 मारो मत छोड़ो

उत्तर : मारो मत, छोड़ो।

2 हाँ महाराज कलिंग के फाटक आज भी बंद हैं

उत्तर : हाँ महाराज ! कलिंग के फाटक आज भी बंद हैं ।

3 जिस सेना ने तुम्हारे पिता भाई पुत्र और पति की हत्या की है वह तुम्हारे सामने खड़ी है

उत्तर : जिस सेना ने तुम्हारे पिता, भाई, पुत्र और पति की हत्या की है, वह तुम्हारे सामने खड़ी है।

4 अरे मैं क्या झूठ बोल रहा हूँ

उत्तर : अरे ! मैं क्या झूठ बोल रहा हूँ?

5 सर  वाहन चलाना सीखने के लिए कितनी उम्र होनी चाहिए

उत्तर : सर ! वाहन चलाना सीखने के लिए कितनी उम्र होनी चाहिए ?

6 माँ हमें यहाँ क्यों बुलाया गया है

उत्तर : माँ, हमें यहाँ क्यों बुलाया गया है?

7 कहते है, देखने में बड़ा सुंदर है।

उत्तर : कहते है, देखने में बड़ा सुंदर है।

8 कहो इधर कैसे आ गये

उत्तर : कहो, इधर कैसे आ गये?

## भाग-III : 04 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न

### (i) पाठ्य पुस्तक के गद्य भाग से सम्बन्धित प्रश्न-उत्तर

1 प्रश्न-घोड़े को वृक्ष के साथ बंधा देखकर सैनिकों ने क्या सोचा?

उत्तर : घोड़े को वृक्ष के साथ बंधा देखकर सैनिकों ने यह सोचा कि इसका स्वामी भी यहीं-कहीं छुपा हो सकता है।

2 प्रश्न-राजा की बलि क्यूं नही दी जा सकती थी?

उत्तर : राजा की बलि इसलिए नहीं दी जा सकती थी क्योंकि उसकी अंगुली कटी हुई थी।

3 प्रश्न-रक्त की ज़रूरत कब पड़ती है?

उत्तर : कई घातक बीमारियों के समय या दुर्घटना में अधिक रक्त बह जाने के कारण रक्त की कमी हो जाने पर रक्त की ज़रूरत पड़ती है।

4 प्रश्न-बाबा भारती को अपना घोड़ा क्यों प्रिय था?

उत्तर : बाबा भारती को अपना घोड़ा इसलिए प्रिय था क्योंकि वह उसे अपनी सन्तान जैसा समझते थे। साथ ही वह सुन्दर और बलवान भी था।

5 प्रश्न-हॉकी को राष्ट्रीय खेल क्यों स्वीकार किया गया?

उत्तर : हॉकी को राष्ट्रीय खेल इसलिए स्वीकार किया गया क्योंकि भारत ने इस खेल में सन 1928 से 1956 तक छह ओलम्पिक पदक जीते थे।

6 प्रश्न-बरगद का पेड़ हमें क्या सन्देश देता है?

उत्तर : बरगद का पेड़ हमें अपनी संस्कृति और विरासत से जुड़े रहने का सन्देश देता है

7 प्रश्न-विजय दिवस क्यों मनाया जाता है?

उत्तर : 26 जुलाई 1999 को 527 वीर सैनिकों ने शहीदी देकर कारगिल के युद्ध में विजय प्राप्त की थी। उन्हीं की याद में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को विजय दिवस मनाया जाता है ।

8 प्रश्न-स्वराज्य की नींव पाठ में आस्तीन का साँप किसे कहा है?

उत्तर : इस पाठ में आस्तीन का साँप उन देशद्रोहियों को कहा है जो अंग्रेज़ों के साथ मिलकर स्वराज्य चाहने वालों के विरुद्ध लड़ रहे थे।

9 प्रश्न-धीरा की होशियारी पाठ में चोर कौन था?

उत्तर : इस पाठ में चोर वही आदमी था जो धीरा के पास अपने जूते पॉलिश करवाने आया था।

10 प्रश्न-अशोक अपने शिविर में परेशान क्यों था?

उत्तर : कलिंग से युद्ध करते-करते चार वर्ष बीत गए थे परन्तु, कलिंग अभी भी जीता नहीं जा सका था। इसलिए अशोक अपने शिविर में परेशान था ।

# (ii) कहानी लेखन

## खरगोश और कछुआ

एक जंगल में एक खरगोश व एक कछुआ रहता था। खरगोश अपनी चाल पर बहुत घमंड था। वह कछुए की धीमी चाल का अकसर मज़ाक उड़ाया करता था। एक दिन दोनों में दौड़ लगी। खरगोश तेज़ दौड़कर उससे आगे निकल गया। परन्तु, रास्ते में सो गया। कछुआ धीरे-धीरे चलता रहा व नियत स्थान पर पहुँच गया। खरगोश की जब नींद खुली तो वह सरपट भागा परन्तु, दौड़ कछुआ जीत चुका था। इस पर खरगोश को लज्जा का सामना करना पड़ा।

**शिक्षा – घमंडी का सिर नीचा ।**

## दो मित्र और भालू

दो मित्र एक जंगल में से गुज़र रहे थे कि अचानक उन्हें सामने से एक भालू आता नज़र आया। उनमें से एक मित्र झट से पेड़ पर चढ़ गया। दूसरे को पेड़ पर चढ़ना नहीं आता था। उसने उससे पेड़ पर चढ़ने के लिए मदद माँगी। परन्तु, उस दूसरे मित्र ने मदद करने से साफ़ मना कर दिया। इस पर वह ज़मीन साँस रोक कर लेट गया। भालू ने उसे सूंघा व मरा समझकर आगे बढ़ गया। भालू के जाने के बाद पेड़ पर चढ़ा मित्र नीचे उतरा व उससे पूछा कि भालू ने उसके कान में क्या कहा। इस पर उसने उससे कहा कि भालू ने मतलबी मित्र का साथ छोड़ देने को कहा था । यह कहकर वह आगे बढ़ गया।

**शिक्षा – मतलबी मित्र का साथ कभी न करो ।**

## हाथी और दर्ज़ी

एक हाथी और दर्ज़ी में आपस में मित्रता थी। हाथी रोज़ दर्ज़ी की दुकान के आगे से निकलता था तो दर्ज़ी हाथी को रोज़ कुछ खाने को देता था। एक दिन वह घर से लड़कर गुस्से में बैठा था। जैसे ही हाथी ने खाने के लिए अपनी सूंड़ आगे की, दर्ज़ी ने उसकी सूंड़ में सूई चुभा दी। हाथी ने कुछ नहीं कहा व चुपचाप चल दिया। वापसी में हाथी ने अपनी सूंड़ में कीचड़ वाला पानी भर लिया और दुकान के आगे पहुँचने पर कीचड़ वाला पानी उस पर उड़ेल दिया। इससे उसके सब कपड़े खराब हो गए।

**शिक्षा – जैसा करोगे वैसा भरोगे ।**

## दो बिल्लियाँ और बंदर

एक जंगल में दो बिल्लियाँ रहती थीं। एक दिन उन्हें एक रोटी मिली। वे दोनों उस रोटी के लिए लड़ने लगी। उनकी यह लड़ाई पेड़ पर बैठा एक बंदर देख रहा था। उसने उनसे कहा कि उसके पास जो तराज़ू है, वह इससे रोटी का बराबर बंटवारा कर देगा। उसने रोटी के दो टुकड़े करके तराज़ू के दोनों पलड़ों में रखे। वह जिस पलड़े का टुकड़ा बड़ा होता, उसे तोड़कर खा जाता। इस प्रकार ऐसा करते-करते वह सारी रोटी खा गया और बिल्लियाँ एक दूसरे का मुँह देखती रह गयीं।

**शिक्षा – आपस की लड़ाई का लाभ बाहर वाले उठा जाते हैं।**

# (i) निबन्ध लेखन

## मेरा प्रिय अध्यापक

अध्यापक हमारे जीवन में वह व्यक्ति होता है, जो हमें अच्छी शिक्षा के साथ-साथ बहुत सी अन्य जीवन-उपयोगी महत्त्वपूर्ण बातें सिखाता है। श्रीमती रजनी देवी मेरी प्रिय अध्यापिका हैं। वे हमें हिंदी पढ़ाती हैं। उनके पढ़ाने का ढंग बहुत ही बढ़िया व रोचक है। वे हमें सदा सत्य व अच्छे मार्ग पर चलने की शिक्षा देती हैं। वे आप तो हमेशा समय पर विद्यालय आती हैं, साथ ही औरों को भी समय के अनुसार चलने की सलाह देती हैं। मैं भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य  व लम्बी उम्र की कामना करता हूँ।

## मेरी कक्षा का कमरा

मैं सरकारी मॉडल स्कूल का छात्र हूँ। मेरे स्कूल की इमारत तीन मंज़िला है और मेरी कक्षा का कमरा इसकी पहली मंज़िल पर स्थित है। मेरी कक्षा का कमरा खुला व हवादार है। इसमें एक ब्लैक-बोर्ड, दो पंखे व बीस बैंच हैं। इसमें रोशनी का भी अच्छा प्रबन्ध है। दीवारों पर सुन्दर चार्ट इसकी सुन्दरता में चार चाँद लगाते हैं। मुझे अपनी कक्षा के कमरे पर मान है। मैं इसे अपने सहयोगियों के साथ मिल कर साफ व स्वच्छ बनाए रखने का वचन देता हूँ।

## मेरा प्रिय मित्र

वैसे तो मेरे कई मित्र हैं। परन्तु, रवि मेरा सबसे प्रिय मित्र है। वह मेरा सहपाठी है। उसका घर मेरे घर के पास है। वह एक सच्चा व ईमानदार बालक है। वह बड़ों का सम्मान व छोटों से स्नेह करता है।
हॉकी उसका सबसे प्रिय खेल है। वह दूसरों की सहयता करता है। वह एक दयालु बालक है। हम दोनों पड़ोसी भी हैं।वह पढ़ाई  में बहुत होशियार है । वह हर बार कक्षा में पहले स्थान पर आता है । वह पढ़ाई में कठिनाई में मेरी अकसर मदद करता है। प्रभु हमारी मित्रता ऐसी ही बनाए रखे। मैं प्रभु से उसकी लम्बी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ।

## दीवाली

वैसे तो हमारे देश मे कई त्योहार मनाए जाते हैं। दीवाली भारत में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन श्री राम चन्द्र जी चौदह वर्ष
का वनवास काट कर व लंका पर विजय प्राप्त करके अयोध्या वापिस आए थे। उनके घर वापिसी की खुशी में यह त्योहार मनाया जाता है। लोग दीये जलाते हैं और आपस में मिठाइयों का आदान-प्रदान भी करते हैं। रात में धन व वैभव की देवी लक्ष्मी का पूजन भी किया जाता है। बहुत से लोग

पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इज़हार करते हैं किन्तु इससे प्रदूषण बढ़ता है व धन की हानि होती है। अत: हमें पटाखे रहित दीवाली मनानी चाहिए।

## श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी सिक्खों के दसवें गुरु हैं। इनका जन्म सन 1666 ई० में पटना बिहार में हुआ था। गुरु जी के पिता का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी व माता का नाम श्रीमती गुजरी देवी था। गुरु जी एक वीर पुरुष, विद्वान, कवि व उच्च कोटि के साहित्य-प्रेमी थे। उन्होंने बहुत ही बढ़िया साहित्य की रचना की है। उनकी वाणी सारी मानव जाति के लिए प्रेरक है।

धर्म की रक्षा हेतु 13 अप्रैल 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने धर्म व मानवता के लिए अपना सारा परिवार वार दिया। उनके जैसा दानी कहीं और देखने को नहीं मिलता । वे सन 1708 ई० में ज्योति-जोत समा गए।

## (ii) पत्र लेखन

### 1) बीमारी की छुट्टी के लिए मुख्याध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखो।

सेवा में

मुख्याध्यापक जी,

............................स्कूल,

.............................शहर,

.........................दिनांक।

**विषय : बीमारी की छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र ।**

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन यह है कि मुझे आज बुखार है। इस कारण मैं आज स्कूल हाज़िर नहीं हो सकता।

इसलिए मुझे आज दिनांक ...................को एक दिन की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

क ख ग

**2 ) ज़रूरी  काम की छुट्टी के लिए मुख्याध्यापक जी को प्रार्थना  पत्र लिखो।**

सेवा में

मुख्याध्यापक
----- स्कूल
------शहर ।
-------दिनांक

**विषय : ज़रूरी  काम की छुट्टी के लिए प्रार्थना  पत्र ।**

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन यह है कि मुझे आज घर पर एक ज़रूरी काम पड़ गया है। इस कारण मैं आज स्कूल हाज़िर नहीं हो सकता। इसलिए मुझे आज दिनांक ..................को  एक दिन की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

क  ख  ग

**3 ) पैसे मंगवाने के लिए अपने पिता जी को पत्र लिखो।**

------परीक्षा भवन

----------शहर ।

----------दिनांक
आदरणीय पिता जी,
सादर प्रणाम।
मैं यहाँ कुशल हूँ व आशा करता हूँ कि वहाँ भी सभी कुशल होंगे। मैं अपनी कक्षा में पास हो गया हूँ।

इसलिए मुझे नयी किताबें खरीदने के लिए 700/-रुपयों की आवश्यकता है। मझे उक्त राशि भेज दें।

माता जी को प्रणाम व बहन को प्यार।

आपका आज्ञाकारी पुत्र

क.ख.ग.

**4 मित्र के जन्म दिन पर उसे बधाई पत्र लिखें।**

------परीक्षा भवन

----------शहर ।

----------दिनांक

प्रिय मित्र,

नमस्ते।

तुम्हारे जन्म दिन की तुम्हें बहुत-बहुत बधाई हो । मैं चाहता हूँ कि तुम हमेशा खुश रहो और खूब उन्नति करो । मैं तुम्हारे जन्म दिन पर ज़रूर आता किंतु उस दिन मैं स्कूल की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता में जा रहा हूँ । मुझे आशा है कि तुम मुझे माफ़ करोगे।।

पत्र का उत्तर जल्दी देना ।

तुम्हारा मित्र

क.ख.ग.